nt>
Title: Need to improve the functioning of National Institute of Ayurveda..-Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान सम्पूर्ण भारत में एक मात्र संस्था है जहां कि व्यवस्था ठीक नहीं है। इस संस्था में मुफ्त में दवा नहीं मिलती है। एमरजेंसी में चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है और रात्रि को कोई स्टाफ नहीं रखा है। इस संस्थान के पास वनस्पति उद्यान नहीं है व द्रव्यगुण की जानकारी करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है व इस संस्थान में शरीर रचना की जानकारी प्राप्त करने के लिए मृत बॉडी भी नहीं पाई जाती है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सम्पूर्ण भरत में स्थित एकमात्र संस्था राष्ट्रीय आयुर्वेद की व्यवस्था की कमियों को दूर करने की कृपा करें।